दैनिक

न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 09 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 102

नागरिकता कानून के खिलाफ सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में हों ट्रांसफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित नागरिकता संशोधन कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं शीर्ष अदालत में स्थानांतरित की जाएं।

» सीएए पर केंद्र का अनुरोध

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि केंद्र की स्थानांतरण संबंधी याचिका पर वह 10 जनवरी को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी पीठ का हिस्सा थे। पीठ ने कहा, पहली नजर में उसका मत है कि सीएए संबंधी याचिकाएं हाई कोर्ट देखे और राय में मतभेद होने पर सुप्रीम कोर्ट उन पर विचार करे। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल जी. मेहता ने कहा कि विभिन्न अदालतों के मत अलग हो सकते हैं, जिससे समस्या पेश आ सकती है। इसके अलावा वकीलों को सुनवाई के लिए अलग-अलग राज्यों में जाना पड़ेगा। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि सीएए मामलों पर सुनवाई में शामिल होने के लिए वकीलों का विभिन्न राज्यों में जाने का विषय उनके लिए प्राथमिकता नहीं है। मेहता ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि बृहस्पतिवार को कर्नाटक हाई कोर्ट में एक याचिका आने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाओं के स्थानांतरण पर सुनवाई वह शुक्रवार को करेगा।

मदरसा प्रबंधन समिति ने शिक्षकों की भर्ती पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नईदिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मदरसा प्रबंधन समिति ने अल्पसंख्यक संस्थाओं के एक आयोग द्वारा शिक्षकों की भर्ती करने संबंधी कानून को बरकरार करने वाले फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा कि वह अगले सप्ताह मदरसा प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई करेगी। समिति की ओर से पेश हो रहे वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने कहा कि इस मामले की सुनवाई एक वृहद पीठ द्वारा किए जाने की जरूरत है, क्योंकि शिक्षकों की नियुक्त पर दिए गए फैसले और सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले में विरोधाभास है।

शीर्ष अदालत ने सोमवार को पश्चिम बंगाल मदरसा सेवा आयोग अधिनियम, 2008 को बरकरार रखते हुए राज्य के मदरसों में शिक्षकों की नियुक्त का रास्ता साफ कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसने इस कानून को असंवैधानिक करार दिया था और कहा था कि मदरसा प्रबंधन समिति द्वारा अब तक की नियुक्ति बड़े हित में वैध रहेगी।

महत्वपूर्ण एवं खास

दिल्ली-एनसीआर में बारिश, पारा लुढ़कने से बढ़ी ठिठुरन

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली और एनसीआर में मंगवार रात से रूक-रूक कर बारिश और बूंदाबांदी जारी है। बुधवार सुबह से दिल्ली के वसंतकुंज, राजीव चौक और फिरोजशाह रोड इलाके में तेज बारिश हो रही है। हफ्ते भर की राहत के बाद दिल्ली और आस-पास बारिश के कारण तापमान में फिर कमी आई है। बारिश की वजह से ठंड और ठिठुरन लौट आई है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भी आसमान पर दिन भर बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ बारिश होती रहेगी। हवा की रफ्तार 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मंगलवार को दिल्ली के सफरदजंग, पालम, लोधी रोड में बारिश दर्ज की गई. पहाड़ों में हुई बर्फबारी का असर दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिल रहा है. दिल्ली में नौ से 11 जनवरी तक शीतलहर बढ़ सकता है. नौ जनवरी से यहां तापमान में कमी आ सकती है. इस दौरान टेंपरेचर में तीन से चार डिग्री की गिरावट आ सकती है।

बस और मालगाड़ी की टक्कर में सात लोगों की मौत, 30 घायल

» मृतकों में 5 पुरुष और एक 16 साल का किशोर शामिल

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के पश्चिमी हिस्से में एक बस और मालगाड़ी में टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। बस में दिहाड़ी मजदूर सवार थे। सीमावर्ती उत्तरी शहर सोनोरा के अभियोजक कार्यालय ने बताया कि बस का चालक क्रॉसिंग पर ट्रेन से आगे निकलने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना में ड्राइवर की जान बच गई है और उसे पुलिस ने कस्टडी में ले लिया। हादसे में चालक बच गया और जांच की जा रही है कि हादसे के वक्त क्या वह नशे में था। कार्यालय ने बताया कि मारे गए लोगों में पांच पुरुष, एक महिला और 16 वर्षीय एक किशोरी शामिल है। बयान के अनुसार दोपहर तक स्युदाद ओबरेगोन के जनरल अस्पताल में 32 लोगों को लाया गया। अन्य चार घायलों का इलाज काजमे के सामाजिक सुरक्षा क्लिनिक में जारी है।

कनाडा अपने सैनिकों को इराक से कुवैत भेजेगा

मोंट्रियल। कनाडा के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि इराक में तैनात 500 कनाडाई सैनिकों को आगामी दिनों में अस्थायी तौर पर कुवैत भेज दिया जाएगा। यह कदम क्षेत्र में बढ़ते तनाव और इस बीच उनकी सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल जॉनाथन वांस ने ट्विटर पर एक पत्र पोस्ट किया जो इराक में तैनात सैन्यकर्मियों के परिवारों को संबोधित था। इसमें उन्होंने अभियान को रोकने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में हमारे लोगों को हम अस्थायी तौर पर इराक से कुवैत भेजेंगे, ऐसा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। उनके सैनिक नाटो का हिस्सा हैं और नाटो ने वर्तमान हालात के मद्देनजर इराक में अपने प्रशिक्षण मिशन को निलंबित किया है। जर्मनी और रोमानिया समेत कई देशों ने अपने बलों को वहां से हटाने की घोषणा की है हालांकि फ्रांस ने कहा है कि इराक से सैनिक हटाने का उसका कोई इरादा नहीं है।

ईरान में 5.8 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

तेहरान। ईरान के खुरासान-ए-रिजवी प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा के निकट बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गई। हालांकि किसी के हताहत होने या प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, खाफ काउंटी के संगन कस्बे में सुबह 7.59 बजे जमीन से आठ किलोमीटर अंदर भूकंप आया।

शिमला में सीजन की सबसे भारी बर्फबारी

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में बुधवार को मौसम की सबसे भारी बर्फबारी देखी गई, जिससे आंतरिक सड़क संपर्क टूट गया। लेकिन पर्यटकों ने एक-दूसरे पर बर्फ के गोले फेंककर मौज-मस्ती की। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया, शिमला और उसके आसपास के इलाकों में रात भर बर्फबारी हुई और अब तक की यह सबसे भारी बर्फबारी है।

आसपास के स्थानों जैसे कुफरी और नरकंडा में भी बर्फबारी हुई, जिससे ये पर्यटक स्थल और खूबसूरत नजर आने लगे।

बर्फबारी की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंचने लगे। शिमला में शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान दर्ज हुआ, जबकि 20 सेंटीमीटर से अधिक बर्फबारी हुई। वहीं, कुफरी और मशोबरा में 40 सेंटीमीटर से अधिक बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि शिमला में बर्फीला परिदृश्य दो-तीन दिनों तक बना रहेगा। रपटों में कहा गया है कि शिमला जिले के जुब्बल, खड़ापत्थर और चोपाल में भी बर्फबारी हुई। अधिकारी ने कहा, लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और शिमला जिलों में ऊंची पहाड़ी वाले इलाकों में पिछले तीन दिनों से सामान्य से लेकर भारी बर्फबारी हो रही है।

मनाली में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ, जबकि 22 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज हुई। मनाली से करीब 52 किलोमीटर दूर रोहतांग दर्रा में भी भारी बर्फबारी हुई। कल्पा और लाहौल व स्पीति जिले के केलांग में भी बर्फबारी हुई। सोलन और पालमपुर में क्रमशः 46 मिलीमीटर और 42 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अपने अनुमान में गुरुवार तक राज्य में और अधिक बर्फबारी और बारिश होने की संभावना जताई है।

ईरान में हुए प्लेन क्रैश मे 170 यात्रियों की मौत, मलबे में मिली लाशें

तेहरान। ईरान के तेहरान में यूक्रेन का एक यात्री विमान बोइंग-737 हादसे का शिकार हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हादसे में सभी 170 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 10 क्रू मेंबर थे। ईरानी समाचार एजेंसी ने विमान में सवार सभी लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। एविएशन डिपार्टमेंट की तरफ से एक जांच टीम घटनास्थल पर भेजी गई है। मीडिया के हवाले से कहा जा रहा है कि यह दुर्घटना तकनीकी खामी के कारण हुआ है।

विमान ने तेहरान के इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यूक्रेन की राजधानी कीव के बोरीस्पिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। बताया जा रहा है कि दुर्घटना का कारण तकनीकी खामी हो सकती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रवक्ता रजा जाफरजादेह ने बताया कि यह विमान तेहरान के दक्षिण पश्चिमी इलाके में दुर्घटना का शिकार हुआ है। जांचदल और बचाव कर्मी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे हालांकि उन्हें कोई भी जिंदा नहीं मिला।

ताजा हमले के बाद अमेरिका ने तत्काल प्रभाव से ईरान और इराक के ऊपर से किसी भी अमेरिकी फ्लाइट के गुजरने पर पाबंदी लगा दी है। अमेरिका को आशंका है कि ईरान समर्थित विद्रोही संगठन अमेरिकी हवाई जहाजों को निशाना बना सकते हैं। कुछ दिनों पहले भी अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि विद्रोहियों के पास विमान को मार गिराने वाली मिसाइलें हैं।

बता दें कि अमेरिकी एयर स्ट्राइक में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या किए जाने के बाद बुधवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने इराक में मौजूद अमेरिका के अल-असद एयरबेस पर कई रॉकेट दागे। पेंटागन के अनुसार उसके एयरबेस पर एक दर्जन से ज्यादा मिसाइलें दागी गई हैं। इस एयरबेस पर अमेरिका के साथ गठबंधन सेनाएं तैनात हैं। इस हमले में अमेरिकी गठबंधन सेना को कितना नुकसान हुआ है इसकी सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है।

इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमले के बाद बोले ट्रंप, ऑल इज वेल

वॉशिंगटन ईरान द्वारा इराक में दो अमेरिकी बेस पर मिसाइल हमले के बाद क्षेत्र में स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गया है। अमेरिका ने कहा है कि वह इस हमले पर करीबी नजर बनाए हुए है। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्वीट कर कहा है कि सबकुछ ठीक है। इधर, अमेरिका ने ईरान और गल्फ में अपने असैन्य उड़ानों पर रोक लगा दी है।

ईरान के हमले के बाद ट्रंप ने ट्वीट कर लिखा है, ऑल इज वेल। ईरान की तरफ से इराक में अमेरिका के दो सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागी गई। हताहतों और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। अभी तक सब ठीक है। हम सबसे ताकतवर हैं और दुनिया में हर जगह तकनीकी क्षमता से लैस हैं। मैं कल सुबह इसपर बयान जारी करूंगा।

वाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान की कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है। वॉशिंगटन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वाइट के प्रेस सेक्रटरी स्टीफन ग्रीशम ने कहा, इराक में अमेरिकी प्रतिष्ठानों पर हमले की कार्रवाई की हमें जानकारी है। राष्ट्रपति को इसके बारे में जानकारी दी गई है और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से भी सलाह ली जा रही है।

इधर, ईरान ने कहा है कि उसने अपनी आत्मरक्षा में यह कदम उठाए हैं। ईरान के विदेश मंत्री जावीद शराफ ने बयान जारी कर कहा कि यूएन के नियमों के अनुसार हमला किया है।

बाइक रैली से भाजपा बनाएगी चुनावी माहौल

» दिल्ली विधानसभा चुनाव

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी गुरुवार को राजधानी में बाइक रैली कर दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए माहौल बनाएगी। इस रैली को दिल्ली विजय संकल्प रैली नाम दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी का कहना है कि यह रैली हर धर्म और जाति के युवाओं की ओर से आयोजित की जा रही है, जिसे भाजपा ने समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि सुबह दस बजे से पंत मार्ग स्थित प्रदेश कार्यालय से रैली शुरू होकर विभिन्न स्थानों से गुजरेगी, जिसमें पार्टी नेता भाग लेंगे। मनोज तिवारी ने कहा कि युवाओं को हिंसक गतिविधियों से जोड़ने की जो कोशिश हो रही है, उसके खिलाफ युवा स्वतःस्फूर्त रूप से इस रैली का आयोजन कर रहे हैं।

दिल्ली आने वालीं 16 ट्रेनें एक से आठ घंटे लेट

नईदिल्ली (आरएनएस)। कोहरे, ठंड और बारिश ने आज फिर ट्रेनों की रफ्तार थाम दी है और दिल्ली आने वाली 16 ट्रेनें एक से आठ घंटे की देरी से चल रही हैं। इस दौरान मालदा-नई-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस 5.30 घंटा, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 3.30 घंटे, गया-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 3.30 घंटे और रक्सौल-आनन्द विहार सत्याग्रह एक्सप्रेस आठ घंटे की देरी से चल रही हैं।

इनके अलावा गोरखपुर-आनन्द विहार हमसफर एक्सप्रेस एक घंटा, फैजाबाद-दिल्ली एक्सप्रेस तीन घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस तीन घंटे, और मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस 4.30 घंटे की देरी से चल रही है।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल मौसम को देखते हुए ट्रेनों का विलंब से चलना जारी रह सकता है।

विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को दी इराक न जाने की सलाह

नईदिल्ली (आरएनएस)। पिछले कुछ दिनों से अमेरिका और ईरान के बीत जारी तनाव और गहराता जा रहा है। आज सुबह तड़के साढ़े पांच बजे ईरान ने इराक में स्थित अमेरिकी एयरबेस पर एक दर्जन से रॉकेट दागे। जिसके बाद से क्षेत्र में अशांति का माहौल बन गया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को इराक न जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी अलर्ट में कहा गया, 'आज के हालात को देखते हुए सभी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वह इराक की यात्रा करने से बचें। जो भारतीय नागरिक इराक में रह रहे हैं, वह भी अलर्ट पर रहें और इराक में ही यात्रा करने से बचें।' विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इराक में बगदाद स्थित भारतीय दूतावास और

» ईरान-यूएस तनाव का असर

इरबिल में भारतीय काउंसलेट कार्यालय भारतीय नागरिकों को सेवा देने के संदर्भ में अपना काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने आगे कहा कि बगदाद में मौजूद हमारा दूतावास और एरबिल का वाणिज्य दूतावास इराक में रहने वाले भारतीयों को सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सामान्य रूप से काम करना जारी रखेंगे। इसके अलावा सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारत ने अपनी सभी एयरलाइंस को ईरान, इराक और खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव को देखते हुए उसके ऊपर से उड़ान न भरने को कहा है।

राहुल ने किया हड़ताल का समर्थन, प.बंगाल में रेलवे ट्रैक पर मिले क्रूड बम

» भारत बंद

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियन द्वारा बुलाए गए भारत बंद का असर देश के कई क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। बिहार समेत पश्चिम बंगाल में ट्रेड यूनियन द्वारा आज बुलाए गए देशव्यापी बंद का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है।

बंद का असर सड़कों के अलावा रेलवे ट्रैक पर भी देखने को मिल रहा है। बंद की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के उत्तर

24 परगना में हृदयपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से पुलिस द्वारा चार देसी बम बरामद किए गए हैं। बंद को लेकर उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

हालांकि, बम को पहले ही देखा जा चुका था ऐसे में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि जहां पर देशी बम मिले हैं, वहां के पास ही ट्रैक पर भारत बंद को लेकर प्रदर्शन जारी था। बताया जा रहा है कि राष्ट्रव्यापी बंद के तहत बसों को रोकने की कोशिश की और सड़क जाम करने की कोशिश की जा रही है।

बम मिलने की खबरों के बाद से राज्य में गहमागहमी का माहौल देखने को मिल रहा है। सूबे के कई संगठनों ने बंद के आह्वान पर समर्थन दिया है। आंध्र प्रदेश में पुलिस ने वामपंथी दलों और ट्रेड यूनियनों के नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बुधवार को राष्ट्रव्यापी बंद के तहत बसों को रोकने की कोशिश की और सड़क जाम करने की कोशिश की।

ट्रेड यूनियन एवं व्यापारियों के अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्रेड यूनियन द्वारा बुलाए गए बंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की जन विरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों ने भयावह बेरोजगारी पैदा की है।